# प्रतिवेदन 2022– 23

शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय में विभिन्न संकायों में कुल 4000 छात्राएं अध्यनरत है। महिला अधिकारी एवं कर्मचारियों की संख्या 32 है। महाविद्यालय में सामंजस्यपूर्ण वातावरण बनाए रखने हेतु महिला प्रकोष्ठ का गठन किया गया है। संस्थान अपने छात्रों कर्मचारियों के लिए बेहतर शिक्षा और काम के माहौल को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। लैंगिक भेदभाव और अनुचित आचरण को रोकना महिला प्रकोष्ठ का उद्देश्य है।

इन्ही उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए महाविद्यालय में समय–समय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

1. दिनांक 11.07.2022 को **विश्व जनसंख्या दिवस** – के अवसर पर लैंगिक समानता मे शिक्षा की भूमिका विषय पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिससे विभिन्न संकाय के कुल 22 विद्यार्थियों ने प्रतिभागिता की।



**2.** दिनांक 08.09.2022 को **विश्व साक्षरता दिवस** के अवसर पर पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका विषय महिलाओं में साक्षरता की आवश्यकता था, इस प्रतियोगिता में कुल 21 छात्र–छात्राओं ने भाग लिया।




**3.** दिनांक 23.09.2022 को **बालिकाओं में कुपोषण की समस्या एवं समाधान** विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसमें शासकीय कमला देवी महिला महाविद्यालय राजनांदगांव से वक्ता डॉ ममता आर. देव उपस्थित हुई। अपने व्याख्यान में उन्होंने छात्राओं को पोषण हेतु उचित आहार लेने हेतु प्रेरित किया किन–किन खाद्य पदार्थों का सेवन करना चाहिए इसकी जानकारी प्रदान की।

## दिग्विजय महाविद्यालय में पोषण समस्या एवं समाधान विषय पर व्याख्यान



राजनांदगांव (दावा)। पांचवे राष्ट्रीय पोषण माह के अवसर पर 23 सितंबर को शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव के प्राचार्य डॉ. केएल टांडेकर के निर्देशन में व महिला प्रकोष्ठ की संयोजिका डॉ. मीना प्रसाद के नेतृत्व में तथा शासकीय कमला देवी महिला महाविद्यालय राजनांदगांव के संयुक्त तत्वाधान में अतिथि व्याख्यान का आयोजित किया गया( जिसमें वक्ता के रूप में डॉ. ममता आर. देव शासकीय कमला महाविद्यालय राजनांदगांव उपस्थित हुई।

डॉ. मीना प्रसाद ने अपने उद्बोधन में बताया कि सितंबर के महीने में प्रतिवर्ष मनाया जाने वाले पोषण अभियान का उद्देश्य मिशन मोड में कुपोषण को चुनौती का समाधान करना है।

8 मार्च 2018 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा समग्र पोषण अभियान के रूप में व्यापक योजना प्रारंभ की गई। जिसे पोषण मिशन के रूप मे जाना जाता है। इसके पश्चात डॉ. ममता आर. देव ने बताया कि हर साल सरकार महिलाओं और बच्चों के अच्छे पोषण के सामान्य लक्ष्य की दिशा में प्रयासों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए एक थीम निर्धारित करती है इस वर्ष की थीम 'महिला और स्वास्थ्य तथा 'बच्चा और शिक्षा' है। अपने व्याख्यान में डॉ. ममता आर. देव ने छात्र-छात्राओं को पोषण हेतु उचित आहार लेने हेतु प्रेरित करते हुए कहा कि हरी सब्जिया, फल, मेवे इत्यादि पोषण आहार उत्तम स्रोत है। छात्राओं को अपने शारीरिक स्वास्थ्य एवं पोषण आहार के प्रति विशेष रूप से जागरूक होना आवश्यक है। शारीरिक स्वास्थ्य के साथ शारीरिक स्वच्छता पर भी उन्होंने बल दिया।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रियंका सिंह व आभार प्रदर्शन श्रीमती रीमा साहू ने किया। इस अवसर पर महिला प्रकोष्ठ के सभी सदस्य, महाविद्यालय के प्राध्यापक, रजिस्ट्रार एवं बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रही।

4. **बालिका सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम** – दिनांक 28.09.2022 को पुलिस विभाग द्वारा बालिका शिक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम महिला प्रकोष्ठ के द्वारा आयोजित किया गया। राज्य शासन द्वारा चलाए जा रहे महिला एवं बेटियों की सुरक्षा के दृष्टिकोण से **''हमर बेटी हम मान''** के तहत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव के श्री प्रफुल्ल ठाकुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती पदमा तिवारी उपस्थित पुलिस अधीक्षक श्रीमती नेहा वर्मा उपस्थित हुई। उन्होंने छात्राओं को पॉक्सो एक्ट, साइबर सुरक्षा अभिव्यक्ति रूप के विषय में जानकारी दी।




5. **प्लेसमेंट कैंप का आयोजन** दिनांक 29.09.2022 को महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ के द्वारा टाटा इलेक्ट्रॉनिक के जूनियर टेक्नीशियन पद हेतु प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें 91 छात्राओं ने भाग लिया जिसमें से 30 छात्रों ने स्क्रीनिंग का टेस्ट साइको टेस्ट में सफलता प्राप्त की।




6. **उद्यमिता जागरूकता का कार्यक्रम** दिनांक 30.09.2022 को खादी और ग्रामोद्योग द्वारा एक दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें गोपाल राव प्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र ने मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के विषय में जानकारी दी आशीष पटेल प्रबंधक आई.डी.बी. आई. बैंक ने पी.एम.ई.जी.पी. योजना में बैंकों की भूमिका पर विस्तृत जानकारी प्रदान की।



**7. आनंद मेला** महिला प्रकोष्ठ द्वारा छात्र–छात्राओं को व्यापार की जानकारी देने हेतु आनंद मेला का आयोजन किया गया जिसमें कुल 28 स्टार छात्र–छात्राओं द्वारा लगाए गए मेले में छात्रों ने कुल 63000रू. की सामग्री की बिक्री की लागत के रुपए में 32000रू. लगाएं के छात्रों में 31000रू. की शुद्ध आय प्राप्त की।




**8. 5 दिवसीय कराटे प्रशिक्षण –**
महिला प्रकोष्ठ द्वारा महाविद्यालय की छात्राओं को आत्मरक्षा की जानकारी देने हेतु 5 दिवसीय कराटे प्रशिक्षण दिनांक 11.01.2023 से 16.01.2023 तक आयोजित किया गया। जिसमें कुल 132 प्रतिभागियों ने भाग लिया।








**9.** प्रशिक्षण प्राप्त किया प्रशिक्षक के रुप में राजनांदगांव पुलिस से श्री मनोज ठाकुर ब्लैक बेल्ट हेड कांस्टेबल पुलिस लाइन राजनांदगांव उपस्थित थे।

**10. राष्ट्रीय बालिका दिवस –** दिनांक को राष्ट्रीय बालिका दिवस व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें विशेष वक्ता के रूप में विधि के सहायक

प्राध्यापक हेमंत नंदा गौरी उपस्थित रहे उन्होंने महिलाओं के संवैधानिक एवं विधिक अधिकारी के विषय में छात्राओं एवं महिला कर्मचारियों को उपयोगी जानकारी प्रदान की।

11. **अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस –** 3 मार्च 2023 को महाविद्यालय मे अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया जिसमें वक्ता के रूप में सेवानिवृत्त प्राचार्य डॉक्टर हेमलता महोबे, एबीसी कंपनी के एच आर मैनेजर संगीता सरकार, डॉक्टर चंद्रिका नाथवानी सेवानिवृत्त अध्यापक एवं समाजसेवी कृषि मित्र व वासाग्निक उपस्थित थी




12. **स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम** – महिला प्रकोष्ठ द्वारा महाविद्यालय की विभिन्न संकायों में अध्ययनरत छात्राओं को सेनेटरी पैड मशीन संचालक एवं स्वच्छता की जानकारी प्रकोष्ठ के सदस्यों डॉ. प्रियंका सिंह, प्रो. कविता साकुरे, प्रो. स्वयंसिद्धा झा तथा डॉ मीना प्रसाद द्वारा दी गई।

13. **आरसेटी बाजार का आयोजन –** प्रकोष्ठ द्वारा छात्राओं को रोजगार की जानकारी प्रदान करने हेतु महाविद्यालय में आरसेटी बाजार का आयोजन किया गया जिसका छात्राओं को सामग्री के विक्रय के हुनर सिखाए गए।